# वार्षिक परीक्षा

## विषय–(विज्ञान) आओ समझे विज्ञान

समयः 2:30 घंटे कक्षा–6 पूर्णांकः50

**नोटः सभी प्रश्न करने हैं।**

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** 5

(क) जल सभी जीवधारियों का .........घटक है।
(ख) समुद्र का जल ...........होता है।
(ग) जल में बहुत से पदार्थ घुल जाते है। इस लिए यह अच्छा ...........है।
(घ) जल की कठोरता उसमें घुले.........के कारण होती है।
(ङ) जल का क्वथनांक........होता है।

**2. निम्नलिखित कथनों के सम्मुख सही (✓) अथवा (✗) गलत का चिन्ह लगाइए।** 5

(क) पृथ्वी को घेरने वाली वायु की परतें वायुमण्डल कहलाती है।
(ख) हरे पेड़ पौधे वायुमण्डल में नाइट्रोजन की मात्रा सन्तुलित करते है।
(ग) सजीव ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में भी जीवित रह सकते है।
(घ) कठोर जल कपड़ें धोने तथा औद्योगिक कार्यो के उपयुक्त है।
(ङ) ध्वनि ऊर्जा नही है।

**3. स्तंम्भ 'क' का स्तम्भ 'ख' से उचित मिलान कीजिए।** 5

| क | ख |
|---|---|
| वृद्धि | भोजन करना |
| प्रजनन | हानिकारक पदार्थो का शरीर से बाहर निकलना |
| पोषण | शरीर का आकार बढ़ना |
| उत्सर्जन | धमाके को सुनकर चौंक जाना |
| संवेदन शीलता | अंडे/बच्चे देना |

**4. निम्नलिखित प्रश्नो में से 5 प्रश्नो के उत्तर लिखिए।** 25

(क) पांच अपुष्पी पौधों के नाम लिखो।
(ख) मनुष्य के श्वसन अंग कौन कौन से है?
(ग) जल के मुख्य स्रोत कौन कौन से है?
(घ) पटाखे में किस प्रकार की ऊर्जा होती है?
(ङ) पांच ज्ञानेन्द्रियाँ कौन कौन सी है?
(च) मूली अथवा गाजर का चित्र बनाइए।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखो।** 10

(क) शाक, झाडी तथा वृक्षों के पांच पांच उदाहरण लिखो।
(ख) ऊँट को रेगिस्तान का जहाज क्यों कहते है?
(ग) हृदय का हमारे शरीर में क्या कार्य है?